जवाहर नगर में हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर बदमाशों ने गोलियां बरसाईं

कार सवार बदमाशों ने गुरूवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया

- फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस ने जयपुर शहर में कड़ी नाकाबंदी भी करवाई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।
- अब तक की पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक किसी मामले में गवाह को डराने के लिए फायरिंग करवाई गई है, हिस्ट्रीशीटर और फायरिंग के आरोपी में काफी समय से रंजिश चल रही है।

जयपुर (कासं)। जवाहर नगर थाना इलाके में गुरुवार- शुक्रवार की मध्य रात्रि में कार सवार बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर के बाहर फायरिंग कर फरार हो गए।

गोली चलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके मे नाकाबंदी करवाई गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार सवार बदमाशों की तलाश कर रही है। अब तक की पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक किसी मामले में गवाह को डराने के लिए फायरिंग करवाई गई है। हिस्ट्रीशीटर और फायरिंग के आरोपी में काफी समय से रंजिश चल रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि सिंधी कॉलोनी जवाहर नगर निवासी राहुल नंदा के घर के बाहर फायरिंग हुई है। राहुल नंदा ट्रांसपोर्ट नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और यहां अपने परिवार के साथ रहता है। जानकारी के अनुसार गुरूवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि कार सवार तीन-चार बदमाश राहुल नंदा के घर के बाहर आए और बाहर खड़े होकर एक हवाई फायर किया। फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला। फुटेज में कार सवार बदमाशों के हवाई फायर कर भागने का पता चला।

हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा की मां अरुणा देवी ने जवाहर नगर थाने में घर के बाहर फायरिंग करने वाले बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। राहुल नंदा की मां अरुणा देवी ने पुलिस को जानकारी दी कि फायरिंग के समय उसका बेटा राहुल नंदा घर पर नहीं था। बदमाश चिल्ले रहे थे कि राहुल नंदा दे और बयान दे, तेरे को हम खत्म करेंगे। अब पता लग जाएगा। कौन क्या कर गया। बाहर निकलकर देखने पर उन लोगों ने ऊपर की ओर फायरिंग कर दी। दो बार फायर की आवाज आई।

सहायक पुलिस आयुक्त (आदर्श नगर) लक्ष्मी सुथार ने बताया किपुलिस जांच में सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा और कुलदीप गहलोत में साल-2023 से झगड़ा चल रहा है। कुलदीप गहलोत के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों की एक-दूसरे से झगड़े के चलते दुश्मनी है। बदमाश कुलदीप गहलोत के खिलाफ कोर्ट में चल रहे किसी मामले में हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा गवाह है। गवाही की बात को लेकर डराने के लिए बदमाश कुलदीप गहलोत ने अपने साथियों के साथ मिलकर हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर के बाहर फायर किया। पुलिस की टीमें नामजद आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

"सरस आईसक्रीम" अब मोबाइल रिक्शा से आमजन तक पहुंचेगी

आर.सी.डी.एफ. प्रशासक और प्रबंधक संचालक श्रुति भारद्वाज ने शुक्रवार को जयपुर डेयरी प्रांगण में "सरस आइसक्रीम ऑन व्हील्स" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जयपुर (कासं)। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल रिक्शा (आइस क्रीम ऑन व्हील्स) के माध्यम से सरस आइसक्रीम की बिक्री शुरू की है।

इस सेवा का शुभारंभ शुक्रवार को जयपुर डेयरी प्रांगण में हुआ, जहां आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया और प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने इन मोबाइल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारद्वाज ने आइसक्रीम ऑन व्हील्स की बनावट, आकर्षक डिज़ाइन और आइसक्रीम की उच्च गुणवत्ता के लिए जयपुर डेयरी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि हमेशा की तरह सरस जयपुर डेयरी की यह पहल भी उपभोक्ताओं की कसौटी पर खरी उतरेगी। उन्होंने अध्यक्ष ओम पुनिया और प्रबंध संचालक मनीष फ़ौजदार की नये नये नवाचारों के लिए विशेष सराहना की।

जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को विभिन्न स्थानों पर सरस ब्रांड की आइसक्रीम आसानी से उपलब्ध होगी। इन मोबाइल रिक्शा के माध्यम से उपभोक्ताओं को कई वेरिएंट्स में आइसक्रीम दी जाएगी, जिनमें वैनिला, मैंगो, बटरस्कॉच, अमेरिकन नट, शुगर फ्री, चॉकलेट, कोन, और केसर पिस्ता शामिल हैं।

सरस आइसक्रीम की खासियत है इसका उच्च गुणवत्ता वाला स्वाद हर उम्र के लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। शुगर फ्री आइसक्रीम को विशेष रूप से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए पेश किया गया है, जबकि केसर पिस्ता और अमेरिकन नट जैसे फ्लेवर्स त्योहारों और विशेष आयोजनों के लिए आदर्श हैं।

शादी-विवाह जैसे आयोजनों के लिए जयपुर डेयरी पहले से ही घी की फ्री होम डिलीवरी सेवा प्रदान कर रही है। निकट भविष्य में डेयरी श्रीखंड और आइसक्रीम के और नए वेरिएंट्स पेश करने की योजना बना रही है। यह पहल उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और विविध उत्पाद प्रदान करने की दिशा में जयपुर डेयरी के सतत प्रयासों को दर्शाती है।

शुभांकर बिस्वास की पेंटिंग प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

जयपुर । भारतीय शिल्प और डिज़ाइन संस्थान जयपुर, राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के सहयोग से प्रसिद्ध कलाकार शुभांकर बिस्वास की पेंटिंग्स और इंस्टॉलेशन की एकल प्रदर्शनी "भोर" का उद्घाटन शनिवार को होगा। यह प्रदर्शनी 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक अलंकार आर्ट गैलरी, जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगी, जिसमें उद्घाटन समारोह 30 नवंबर को शाम 4:30 बजे होगा। शुभांकर बिस्वास, पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कलाकार और वर्तमान में आईआईसीडी जयपुर में सहायक प्रोफेसर हैं। वे कोलकाता के प्रतिष्ठित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के स्नातक और स्नातकोत्तर पूर्व छात्र हैं। पश्चिमी शैली की पेंटिंग में प्रशिक्षित शुभांकर तेल रंग माध्यम में आला प्राइमा तकनीक के साथ यथार्थवादी शैली में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। शुभांकर की पेंटिंग्स भारतीय पौराणिक कथाओं जैसे शिव, चामुंडा काली और महाकाल के "विनाशक" रूपों की कल्पना को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करती हैं, जो आज के यथार्थ को प्रतिबिंबित करती हैं।

जे.डी.ए. ने 1300 करोड़ रुपए की 250 बीघा सरकारी जमीन से हटाया काश्तकारों का कब्जा

इकोलॉजिकल जोन में ग्राम गोविंदपुरा रोपाड़ा में थी यह बेशकीमती जमीन

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में गोनेर रोड पर स्थित गोविंदपुरा रोपाडा में जयपुर विकास प्राधिकरण की 250 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन पर स्थानीय काश्तकारों से अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे शुक्रवार को जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने हटाया। जे.डी.ए. दस्ता जब यहां कार्रवाई करने पहुंचा तो हैरान हो गया कि करीब 1300 करोड़ रु. बाजार मूल्य की सरकारी जमीन पर काश्तकारों ने कई तरह से अतिक्रमण करके कब्जा जमा रखा था।

पुलिस उपमहानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-10 सिथत इकोलोजिकल जोन में ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाडा में खसरा नं. 1016 से 1019 तक करीब 250 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि है। इस बेशकीमती जमीन पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल, बाड बनाकर, लकडी की छड़ियां लगाकर और तारबंदी करके अवैध रूप से फसल उगाकर खेती की जा रही थी। जैसे ही सरकारी जमीन पर इस अतिक्रमण की जानकारी मिली तो शुक्रवार को जेडीए की प्रतर्वन टीम और जोन-10 का राजस्व व तकनीकी स्टाफ मौके पर पहुंचा। इसके बाद जेडीए टीम ने यहां कार्रवाई करके इस बेशकीमती 250 बीघा सरकारी जमीन पर पुनः कब्जा लिया। इसके अलावा जोन-14 में सांगानेर स्थित ग्राम वाटिका में मालियों की ढाणी गुलमोहर गार्डन कॉलोनी के पास करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बसाई जा रही कॉलोनी को भी ध्वस्त किया। काश्तकार ने ना तो भू-रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली। यहां पर रातोंरात सड़क, प्लॉट्स की मुड्डिया व बाउंड्रीवाल बनाकर कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। इसी प्रकार ग्राम जयचन्दपुरा चाकसू में केडिया स्कीम एल ब्लॉक के पास, करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर भी इसी तरह "रिद्दी-सिद्दी-8" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी, जिसे टीम ने ध्वस्त किया।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

जयपुर । विद्याधर नगर इलाके में स्थित एक पार्क में युवक ने पेड़ पर कपड़े का फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ ही आत्महत्या के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि थाना इलाके में स्थित सेक्टर-6 में रिद्धी-सिद्धी टावर के सामने पार्क-ग्रीन बेल्ट बना हुआ है। पार्क में बहुत ही कम लोगों का आना-जाना रहता है। जहा गुरूवार की रात पार्क में पेड़ पर फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पार्क में घूम रहे लोगों को पेड़ से एक युवक फंदे पर लटका दिखाई दिया। पार्क में युवक के आत्महत्या करने का पता चलने पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर सबूत जुटाए।

सार-समाचार

एसबीआई "साथी" पीओएस मशीन लॉंच

जयपुर (कासं)। भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई.) ने एक और नवाचार करते हुए "साथी" पीओएस मशीन का शुभारंभ किया है। बैंक द्वारा राजस्थान में पहली "साथी" पीओएस मशीन का लोकार्पण जयपुर के टीएक्सबी हब एओ-1 गोपालबाड़ी में व्यापारी को प्रदान करने के साथ किया गया। बैंक के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि "साथी" पीओएस मशीन में ऑडियो नोटिफिकेशन के साथ भुगतान प्राप्ति की सुविधा है। इसके द्वारा "टैप एंड पे" प्रणाली के द्वारा भी भुगतान किया जा सकता है। साथ ही क्रेडिट कार्ड को पंच करके भी भुगतान किया जा सकेगा। इस डिवाइस के द्वारा डिजिटिल माध्यम से भुगतान की कई सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इस मशीन को पूर्णतः ग्राहकों की संतुष्टि और लेनदेन को आसान बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

जैन समाज के युवाओं ने की गौ-सेवा

जयपुर । सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में श्री विधासुधा जैन संस्कार पाठशाला के दर्जनों बच्चे और जैन समाज के प्रबुद्धजन आचार्य विधासागर महाराज की स्मृति व मिशन को साकार करने पहुंचे। जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट राजू मंगोडीवाला ने बच्चों की गौ सेवा को बढ़ावा देते हुये कहा कि विश्व कल्याण तभी होगा जब गौ माता की सेवा का बीड़ा उठाएंगे, गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म व इसमें जैन समाज के अहिंसा का मूल भाव निहित है। गौ शाला का उद्देश्य शांति, सुकून, आनंद की अनुभूति जीव मात्र के कल्याण और सेवा व सुरक्षा के लिए ये गौशाला बनी है। राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि महान जैनाचार्य आचार्य विद्यासागर महाराज विगत दो-तीन दशकों से मांस निर्यात विरोधी आन्दोलन कर रहे हैं। उन्हीं की प्रेरणा से हजारों गो शालाएं निर्मित भी हुईं हैं । आचार्य श्री ने मांग की थी कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाय तथा नोट पर गाय का चित्र प्रकाशित किया जाये। गौ-सेवा में बच्चों ने अपने साथ लाया हुआ हरा चारा व गुड़-रोटी गौवंश को खिलाई। पाठशाला संचालिका विमला ठोलिया व सहयोगी अमित ने बताया कि अध्ययनरत विद्यार्थियों मे शिक्षा के साथ साथ सेवा भाव के संस्कार का बीजारोपण करना उद्देश्य है।

वन्यजीवों के रूप कैनवास पर उकेरे

जयपुर । जयपुर के पिता-पुत्र की आर्टिस्ट जोड़ी की वन्यजीवों को दर्शाती पहली पेंटिंग एग्जीबिशन में वन्यजीवों और अश्वों के अलहदे रूप देखने को मिलेंगे। पिता और पुत्र कलाकार जोड़ी की पैंटिंग एग्जीबिशन बैंगलूरू की कैनवास आर्ट गैलरी में 1 दिसंबर से शुरू होगी। इस वन्यजीव और अश्व चित्र प्रदर्शनी में तकरीबन 17 आर्ट वर्क डिसप्ले किए जाएंगे। देश-दुनिया में मशहूर आर्टिस्ट पिता अजय सिंह पीलवा पिछले दो दशक से कैनवस पर वन्यजीवों के कबूलसूरत अक्स उकेर रहे हैं जो बेहद चित्ताकर्षक दिखाई देते हैं। वहीं बेटा वज्रप्रताप सिंह पीलवा भी अपने पिता के नक्शेकदम ऑयल, एक्रेलिक चारकोल जैसे मीडियम्स में लॉयन व लेपर्ड वन्यजीवों समेत घोड़ों की बर्करफ्तारी को कैनवस पर शिद्दत से महसूस करा रहे हैं। वाइल्डलाइफ पेंटिंग के साथ वज्रप्रताप वन्यजीव फोटोग्राफी भी करते हैं। वज्रप्रताप का बचपन से ही चित्रकला की ओर झुकाव रहा है। उन्हें नेचर के करीब रहना पसंद है। यही कारण है कि उन्हें वन्यजीवों से अनन्य लगाव है। बीएफए करने के बाद युवा आर्टिस्ट वज्रप्रताप अपने बचपन के पेंटिंग के शौक को पेशे के तौर पर अपना रहे हैं। वे अपने पिता अजय सिंह की भांति कैनवस पर दमदाम ब्रश स्ट्रोक्स, बेहतरीन कलरटोंस और टेक्निक्स की नजाकत से वन्यजीवों के अलहदे रूपों को उकेरते हैं।

बच्चों को "गुड टच-बैड टच" समझाया

जयपुर । करधनी गायत्री महिला मंडल की ओर से गोकुलपुरा जशोदा किड्स स्कूल सभी बच्चों को बालिकाओं को "गुड टच-बैड टच" के बारे में बताया गया। कहानियों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई। इस दौरान मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से शिक्षाप्रद कहानियां सुनाई गई और बच्चों को सत्संग कल्प का पाठ भी कराया गया। इस मौके पर मिथिलेश सक्सेना, लक्ष्मी कुमावत, वीना कुमावत, भावना कुमावत व कुसुम सिंघल मौजूद रहे।

मुँह का टेढ़ापन और शरीर की जकड़न का इलाज आसान हुआ

जयपुर । नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में अब अत्याधुनिक इलाज के माध्यम से टेढ़े मुंह, कम्पन, शरीर की अकड़न और असंतुलनपन जैसे मूवमेंट डिसऑर्डर वाले मरीजों का सफल इलाज किया जा रहा है। इसी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 29 नवंबर को वर्ल्ड मूवमेंट डिसऑर्डर डे मनाया जाता है। शुक्रवार को नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से प्रैस वार्ता रखी गई, जहां डीबीएस और बोटोक्स के सफल मरीजों को इस बीमारी को हराने वाले योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के डॉ. वैभव माथुर , डॉ. नितिन भाकल, डॉ. ए.एल. धाकड़, डॉ. प्रदीप गोयल और बलविंदर सिंह वालिया ने मरीजों को सम्मानित किया और राजस्थान में पहली बार इस्तेमाल किए गए एडवांस एआई डीबीएस पेसमेकर के बारे में जानकारी दी जो पार्किंसन के लिए सबसे नवीनतम उपचार है।

नारायणा हॉस्पिटल के कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी और मूवमेंट डिसऑर्डर विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर ने बताया कि "डीप ब्रेन स्टिमुलेशन" या "डीबीएस" एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें सर्जरी के माध्यम से मस्तिष्क में संवेदनशील तार (इलेक्ट्रोड) डाले जाते हैं और इन्हें छाती में लगे पेसमेकर जैसे उपकरण (आईपीजी) से जोड़ा जाता है। इसके बाद इस आईपीजी को बाहर से नियंत्रित (प्रोग्राम) किया जा सकता है और रोगियों के लक्षणों में 70-80 प्रतिशत तक सुधार होता है। इसमें आँखों का टेढ़ापन, झपकना, गर्दन का टेढ़ापन और स्ट्रोक के बाद के लक्षण को काफी हद तक ठीक किया जा सकता है। डॉ. नितिन भाकल ने कहा कि, हमने 5 से अधिक न्यूरो सर्जरी में तकनीक का उपयोग करके उन्नत पेसमेकर लगाया है।

डम्पर की टक्कर से युवक की मौत

जयपुर । जवाहर नगर में गुरुवार की रात एक डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसे में डम्पर टायर के नीचे युवक का सिर आने से फूट गया। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव पर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में सन्नी (18) पुत्र सूरजमल निवासी नांगल राजावतान दौसा की मौत हो गई। वह परिवार सहित टीला नंबर-5 जवाहर नगर में रहता था और राजा पार्क स्थित एक प्लाईवुड कंपनी में नौकरी करता था। घायल दोस्त पिंटू (19) मूलतः दौसा हाल टीला नंबर-6 जवाहर नगर का रहने वाला है। दोनो दोस्त एक साथ रिद्धी-सिद्धी मानसरोवर शादी में जा रहे थे। इस दौरान टीला नंबर-7 जवाहर नगर से जाते समय ओवरटेक करते समय डम्पर ने साइड काट दी। डम्पर की चपेट में आने से सन्नी का सिर फूट गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

ट्रेन में यात्रियों के बैग से सोना चुराने वाले तीन बदमाश दबोचे

- पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रु. के जेवर बरामद किए हैं।

जयपुर । जीआरपी थाना पुलिस ने ट्रेनों में चढ़ने के दौरान उनके बैग्स से गोल्ड ज्वैलरी चुराने वाली तीन दो महिलाओं सहित तीन बदमाशों को पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने 13 लाख रुपए से अधिक की गोल्ड ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाले रास्तों के और अन्य भवनों के सीसीटीवी की मदद से बदमाशों को पकड़ा है।

थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि ट्रेनों में बढ़ती चोरी की वारदातों को रोकने के लिए एक एक्शन प्लान बनाया गया। इसी के तहत पूर्व में दर्ज मामलों की जांच करते हुए बदमाशों की खोज शुरू की गई। 28 नवम्बर को पूजा कंवर निवासी गोगामेडी ने मामला दज्र करवाया कि था कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी ने उसके बैग से सोने के जेवरात पार कर लिए। ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक महिला मुझे संदिग्ध काम करती नजर आई थी। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। उसके पर्स में करीब 13 लाख रुपए के जेवरात रखे थे। घटना ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन की है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया इस मामले में मूलतः गुजरात हाल हरमाडा निवासी तीस वर्षीय किरण उर्फ बबलू पत्नी रवी उर्फ सूरज, भैरु जी का मंदिर रैगर कॉलोनी बैनाड निवासी तीस वर्षीय भारती और बापू नगर कच्ची बस्ती विद्याधर नगर निवासी नवीन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिलाएं मूलतः गुजरात की रहने वाली है।

अल्बर्ट हॉल पर तीन पीढ़ियों के संगम ने किया भाव-विभोर

भंपग की स्वरलहरियों के बीच कालबेलिया, भवाई, चरी व घूमर नृत्यों ने समां बांधा

पर्यटन विभाग की ओर से शुक्रवार को अल्बर्ट हॉल पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा।

- कल्चरल डायरीज कार्यक्रम में शुक्रवार की शाम अलवर, किशनगढ़ और जोधपुर के लोक कलाकारों के नाम रही
- शनिवार को अल्बर्ट हॉल पर रावण हत्था की धुन के साथ इंडी फोक युग्म बैंड की होगी प्रस्तुति

जयपुर (कासं)। शुक्रवार की शाम जयपुर शहर का हृदयस्थल माने जाने वाले अल्बर्ट हॉल पर शहर थम सा गया। शहरवासियों सहित देशी- विदेशी पर्यटकों ने पूरे शहर को तालियों का गडगड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। मौका था पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज के दौरान गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुतियों का। यहां पर भपंग वादन, भवाई, चरी व घूमर नृत्य के साथ ही कालबेलिया नृत्यांगनाओं की प्रस्तुति का जादू सभी के सिर चढ़कर बोला।

उल्लेखनीय है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए उन्हें सम्बल प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कल्चर डायरीज नाम से पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत की गई है, इस पाक्षिक सांस्कृतिक शृंखला की पहली दो दिवसीय प्रस्तुतियां नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में अल्बर्ट हॉल पर आयोजित हो चुकी है। इन प्रस्तुतियों की खासियत रहीं कि भपंग वादन और कालबेलिया नृत्य तीन पीढ़ियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। युसूफ खान मेवाती ने अपने चाचा और बेटों के साथ जुगलबंदी की वहीं खातू सपेरा ने अपनी बेटी व नातिनों के साथ कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कमिश्नर टूरिज्म विजयपाल सिंह द्वारा सभी कलाकारों का स्वागत व सम्मान किया गया। कल्चर डायरीज के अवसर पर पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक पुनीता सिंह, उपनिदेशक नवलकिशोर बसवाल समेत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

युसूफ खान ने अपने आठ सदस्यों वाले दल के साथ जब भपंग के तार को छेड़ा तो उसकी तान पर जयपुरवासियों सहित पर्यटकों ने उनकी तान से तान मिलाई, पूरी प्रस्तुति के दौरान लोक संवाद करते हुए उन्होंने अपनी अनूठी गायन शैली से दर्शकों की भरपूर दाद पाई। युसूफ खान मेवाती, जहूर खां मेवाती के पौत्र हैं। युसूफ खान पीढ़ी दर पीढ़ी राजस्थान में भपंग वादन की कला को जिन्दा रखे हुए हैं। अपने दादा और पिता की तर्ज पर चलते हुए इंजीनियरिंग कर चुके युसूफ खान ने कॉरपोर्ट सैक्टर की नौकरी त्याग कर भपंग वादन की राह चुनी उन्हें कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी युवा पुरस्कार, राजस्थान स्टेट अवॉर्ड, अलवर गौरव अवॉर्ड, और जिला प्रशासन सम्मान शामिल हैं। सांस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार ने उन्हें उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कार से सम्मानित भी किया है।

जोधपुर की ख्यातनाम लोक कलाकार खातू सपेरा की प्रस्तुति केवल प्रस्तुति ही नहीं थी वरन लोक कला की तीन पीढ़ियों का संगम और विरासत को संजोए रखने का अथक प्रयास था जिसमें वह सफल रहीं। खातू सपेरा जोधपुर से ताल्लुक रखती है। कालबेलिया नृत्य का जादू देसी- विदेशी सैलानियों के सिर चढ़कर बोलता है। खातू सपेरा ने अपनी बेटी नातिनों के साथ काल्यो कूद पड़ो से मेळा में..... पर प्रस्तुति देते हुए शहरवासियों सहित विदेशी सैलानियों को भी थिरकने पर मजबूर किया। खातू सपेरा देश व दुनिया में अनेकानेक प्रस्तुतियां दे चुकी हैं साथ ही उन्होंने कालबेलिया नृत्य की अपनी एक विशिष्ट शैली तैयार की है। खातू सपेरा ने मंच पर जब परिवार के सदस्यों के साथ कदम थिरकाए, तो दर्शक थम से गए। पारंपरिक वेशभूषा, लयबद्ध संगीत और ऊर्जा से भरपूर नृत्य ने एक ऐसा समां बांधा जिसे देख हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया। खातू सपेरा का मानना है कि कालबेलिया सिर्फ एक नृत्य नहीं है, यह हमारी पहचान और जीवन का हिस्सा है। इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

किशनगढ़ के कलाकारों ने चरी और घूमर नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी। जलती हुई दीयों से सजी चरी के साथ संतुलन और घूमर नृत्य की आकर्षक भंगिमाओं ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। अंजना कुमावत एक ख्यातनाम लोक नृतक कलाकार हैं। किशनगढ़ से ताल्लुक रखने वाली अंजना कुमावत ने चरी, घूमर व अन्य पराम्परागत लोकनृत्य के जरिए कला क्षेत्र में भी किशनगढ़ को अन्तरराष्ट्रीय फलक पर पहुंचाया है। कल्चरल डायरीज का जादू शनिवार को भी जारी रहेगा। शाम 6:30 बजे से अल्बर्ट हॉल पर आमेर के लोक कलाकार रूपाराम अपने साथियों के साथ रावण हत्था वादन प्रस्तुत करेंगे, वहीं अभिषेक के नेतृत्व में इंडी फोक युग्म बैंड की प्रस्तुति होगी ।